आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 19.08.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :**

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने करीब 600 विशेषज्ञ हटाकर नए विशेषज्ञ शामिल करने का निर्णय लिया। प्रश्नपत्रों की जांच के लिए चार स्तरीय व्यवस्था होगी लागू।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने जिलों की समस्याओं के शासन स्तर पर समाधान के लिए हर महीने के पहले मंगलवार को समन्वय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।
- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज दो दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचेंगे।
- चंपावत के देवीधुरा में ट्रैफिक जाम से राहत के लिए मल्टी लेवल पार्किंग बनाई जाएगी।

**निर्णय**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। एजेंसी ने करीब 600 विशेषज्ञों को हटाकर नए विशेषज्ञों को शामिल करने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, प्रश्नपत्रों की जांच के लिए चार स्तर की व्यवस्था लागू की जाएगी। अगले दो से तीन हफ्तों में 20 से 25 नए अधिकारी भी एजेंसी में शामिल होंगे। इसके अलावा, एजेंसी के नए कार्यालय में सीआईएसएफ की तैनाती के साथ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। यह फैसला केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी के निर्देश पर लिया गया है।

**समस्या समाधान**

प्रदेश में जिलों से जुड़ी समस्याओं का अब हर महीने शासन स्तर पर समाधान किया जाएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने हर महीने के पहले मंगलवार को जिलों और शासन के अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इन बैठकों में जिलाधिकारी ऐसे मामलों को संबंधित विभागों के सामने रख सकेंगे, जिनके समाधान के लिए शासन स्तर पर विभागीय समन्वय या निर्णय की आवश्यकता है। संबंधित प्रकरणों की जानकारी बैठक से पहले विभागों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अधिकारी आवश्यक जानकारी और कार्रवाई के साथ बैठक में शामिल हों।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली इन बैठकों में संबंधित ज़िले और विभाग के अधिकारियों के साथ मामलों पर चर्चा कर यथासंभव मौके पर ही उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सभी सचिवों को प्राप्त प्रकरणों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि शासन और जिलों के बीच बेहतर समन्वय के साथ आमजन से जुड़े मामलों का जल्द समाधान हो सके।

## यात्रा व्यवस्था निगरानी

केदारनाथ यात्रा को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए राज्य सरकार लगातार यात्रा व्यवस्थाओं की निगरानी कर रही है। इसी क्रम में प्रभारी सचिव आवास एवं राज्य संपत्ति विभाग डॉ. आर. राजेश कुमार ने केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं की वर्चुअल समीक्षा की और तीर्थयात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

**समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में केदारनाथ यात्रा सुचारु रूप से संचालित हो रही है। यात्रा मार्ग और प्रमुख पड़ावों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा पेयजल और विद्युत आपूर्ति की स्थिति सामान्य है।**

**प्रभारी सचिव ने यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य तंत्र पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। प्रभारी सचिव ने घोड़ा–खच्चरों के स्वास्थ्य और पशु कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। अधिकारियों को पशुओं के साथ मानवीय व्यवहार और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।**

**आका"ावाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल**

**बैठक/आग्रह**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 97वीं वार्षिक आम बैठक में कृषि विकास, किसानों के हित और कृषि अनुसंधान एवं नवाचार से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान राज्य के कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पर्वतीय कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए विशेष परियोजनाएं शुरू करने का आग्रह किया।

श्री जोशी ने कहा कि पर्वतीय कृषि छोटी और विखंडित जोत, कम उत्पादकता, वर्षा पर निर्भरता और वन्यजीवों से फसल क्षति जैसी समस्याओं से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय कृषि में अधिक उत्पादन के बजाय प्रति परिवार आय बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

श्री जोशी ने उत्तराखंड के विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के लिए कृषि, उद्यान, फलदार वृक्ष और पशुपालन को शामिल करते हुए विविधीकृत कृषि मॉडल विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने गहत की नई प्रमाणित प्रजातियां विकसित करने और कम वर्षा तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में बेहतर उत्पादन देने वाली दलहन और मिलेट्स की जलवायु अनुकूल किस्मों पर शोध का भी आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीक का लाभ किसानों तक पहुंचाकर उनकी आय और रोजगार बढ़ाने के साथ पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन रोकने में मदद मिल सकती है।

## उपराश्ट्रपति दौरा

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज से उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे आज देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में भारतीय वन सेवा के 2025–27 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे।

उपराष्ट्रपति कल मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 2024 बैच के आईएएस अधिकारियों के प्रोफेशनल कोर्स के दूसरे चरण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। देहरादून में प्रस्तावित उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। पुलिस लाइन देहरादून में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की ब्रीफिंग कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन ने भी यातायात, सुरक्षा, प्रोटोकॉल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं।

## मल्टी लेवल पार्किंग

चंपावत के देवीधुरा में पार्किंग की समस्या से राहत के लिए मल्टी लेवल पार्किंग बनाई जाएगी। पाटी तहसील के देमचार गांव में प्रस्तावित इस परियोजना को करीब 9 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत पर सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। पार्किंग में 83 कारों के लिए जगह के साथ शौचालय और केयरटेकर रूम की व्यवस्था होगी। अब प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जाएगा।

सचिव आवास एवं राज्य संपत्ति विभाग डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस परियोजना के तकनीकी, वित्तीय और भूमि संबंधी पहलुओं की समीक्षा की गई। बैठक में दोपहिया पार्किंग, दुकानों और कैफे का प्रावधान हटाकर मुख्य रूप से कार पार्किंग पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

गौरतलब है कि देवीधुरा में बग्वाल मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने से वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। सीमित पार्किंग के कारण सड़क किनारे वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति बनती है। मल्टी लेवल पार्किंग बनने से वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करने की सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है।

## गाजर घास जागरूकता एवं उन्मूलन सप्ताह

देशभर में 16 से 22 अगस्त तक गाजर घास जागरूकता एवं उन्मूलन सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पंतनगर विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय खरपतवार परियोजना के तहत आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में गाजर घास उन्मूलन और जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

परियोजना समन्वयक प्रोफेसर डॉ. एस.पी. सिंह के नेतृत्व में आयोजित अभियान में कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान कॉलेज परिसर और आसपास उगी गाजर घास को जड़ से उखाड़कर नष्ट किया गया। डॉ. एस.पी. सिंह ने गाजर घास से होने वाले नुकसान और इसके

उन्मूलन के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी एलर्जी, दमा और बुखार जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने कॉलेज परिसर को गाजर घास मुक्त बनाने और अपने–अपने क्षेत्रों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आज देहरादून और बागेश्वर में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इन जिलों में गरज–चमक और आकाशीय बिजली के साथ अत्यंत तीव्र बारिश के दौर की संभावना है। वहीं टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, चंपावत, पिथौरागढ़, नैनीताल और ऊधम सिंह नगर में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है।

इस बीच, प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन से सौ से अधिक ग्रामीण सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, बारिश के कारण प्रदेश की प्रमुख नदियों और नालों का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है।

मौसम विभाग ने संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों और खड़ी ढलानों से दूर रहने तथा भारी बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

**क्रिकेट**

गॉल में पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत के 372 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक कल 4 विकेट पर 84 रन बना लिए थे। यहां से भारत को जीत के लिए 6 विकेट की जरूरत है, जबकि श्रीलंकाई टीम जीत से अभी भी 288 रन दूर है।